## खबर संक्षेप

### बुढ़ार की सडक़ों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**बुढ़ार।** अहिंसा परमो धर्म के प्रणेता, त्रिलोक पूज्य भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव बुढ़ार नगर में इस वर्ष किसी महापर्व से कम नहीं रहा। पूज्य निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज एवं मुनि श्री शीतल सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य ने स्थानीय जैन समाज में भक्ति का वह ज्वार पैदा किया, जिसने पूरे नगर को जीओ और जीने दो के संदेश से सराबोर कर दिया। रविवार, 31 मार्च को बुढ़ार का कोना-कोना महावीरमय नजर आया।उत्सव का आगाज सुबह 7 बजे से ही श्री वासुपूज्य, श्री शांतिनाथ और श्री पाश्र्वनाथ जैन मंदिरों में अभिषेक और शांतिधारा के साथ हुआ। भक्ति का चरम तब दिखा जब मुनि द्वय के मुखारविंद से उच्चारित मंत्रों के बीच 108 कलशों से भगवान महावीर स्वामी का भव्य महामस्तकाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच भक्ति के स्वरों ने वातावरण में आध्यात्मिकता घोल दी।दोपहर को पाश्र्वनाथ और शांतिनाथ मंदिर से भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वैभवशाली विमान, सजे-धजे रथ और पालकी में सवार होकर जब नगर सेठ (भगवान महावीर) नगर भ्रमण पर निकले, तो श्रद्धालुओं ने पलक-पावड़े बिछा दिए। पारंपरिक मुख्य मार्गों से गुजरी इस यात्रा में वासुपूज्य, शांतिनाथ और पाश्र्वनाथ मंदिर समितियों सहित विद्यासागर युवा संघ और महिला मंडलों की सक्रियता ने भव्यता में चार चांद लगा दिए।

### अस्पताल है या अवैध वसूली का अड्डा?



**शहडोल।** जिला अस्पताल शहडोल इन दिनों सेवा का मंदिर कम और भ्रष्टाचार की चारागाह ज्यादा नजर आ रहा है। अस्पताल की बदहाली और वहां पनप रहे माफिया राज के खिलाफ युवा कांग्रेस ने आर-पार की लड़ाई का शंखनाद कर दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन एवं युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया और व्यवस्था सुधारने हेतु महामहिम राज्यपाल के नाम सख्त ज्ञापन सौंपा।युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने सीधे शब्दों में आरोप लगाया कि जिला अस्पताल का ब्लड बैंक अब दलालों की गिरफ्त में है। गरीब और असहाय मरीज जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं, लेकिन उन्हें रक्त उपलब्ध कराने के बजाय खून के सौदागर सक्रिय हैं। बिना चढ़ावे के रक्त न मिलना स्वास्थ्य विभाग के माथे पर कलंक है। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि इन दलालों को अस्पताल परिसर से बाहर नहीं खदेड़ा गया, तो उग्र प्रदर्शन होगा। अस्पताल परिसर में संचालित वाहन स्टैंड वसूली का केंद्र बन चुका है। मरीजों के परिजनों से अवैध और मनमानी दरें वसूली जा रही हैं। आशीष तिवारी ने सवाल उठाया कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध वसूली फल-फूल रही है? उन्होंने मांग की है कि स्टैंड की दरों को सार्वजनिक किया जाए और लूट मचाने वाले ठेकेदारों पर तत्काल एफआईआर दर्ज हो। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, प्रिंस सिंह, सत्यनारायण साहू सहित भारी संख्या में युवा साथियों ने प्रशासन विरोधी नारे लगाए।

### नाबालिग को मौत के मुंह में धकेलने वाला गिरफ्तार

**शहडोल।** मासूम बच्चियों की अस्मत और जिंदगी से खेलने वाले अपराधियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। एक 15 वर्षीय नाबालिग को जहर खाने पर मजबूर करने वाले मुख्य आरोपी सनी यादव उम्र 19 वर्ष को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।
फरवरी 2026 में हुई इस हृदयविदारक घटना की जांच में रोंगटे खड़े करने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी सनी यादव पिछले एक साल से पीड़िता को उसकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। इस ब्लैकमेलिंग और सामाजिक बदनामी के डर से घुट-घुटकर जी रही मासूम ने अंततः जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। जांच में एक अन्य रूपेश सिंह गौड़ द्वारा दुष्कर्म किए जाने की पुष्टि भी हुई है।

एसईसीएल ने दी 202 लाख के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात

# बुढ़ार के खेल संकल्प को मिली 202 लाख की संजीवनी

### धनपुरी के विकास को बौना साबित करेगा बुढ़ार का नया खेल महाकुंभ

**शहडोल।** हौसले अगर फौलादी हों और इरादों में सच्चाई हो, तो किस्मत की लकीरें भी बदल दी जाती हैं। बुढ़ार नगर पंचायत की राजनीति और विकास के इतिहास में आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। पिछले तीन वर्षों से जिस सपने को अपनी आंखों में संजोकर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी छोटेलाल सरावगी दिन-रात एक कर रही थीं, वह सपना अब हकीकत की जमीन पर उतर आया है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने बुढ़ार को 202.27 लाख रुपये की लागत वाले अत्याधुनिक स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स की मंजूरी दे दी है। यह सिर्फ एक निर्माण नहीं, बल्कि बुढ़ार की जनता के संघर्ष और उनकी अध्यक्ष की जिद की जीत है।

### मेहनत और पैरवी का विजय शंखनाद

यह कोई रातों-रात मिली सफलता नहीं है। इसके पीछे तीन साल का लंबा इंतजार, फाइलों की दौड़ और दिल्ली से लेकर बिलासपुर तक की गई प्रभावी पैरवी शामिल है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरावगी ने इस प्रोजेक्ट के लिए जिस आक्रामक और सकारात्मक रुख के साथ लड़ाई लड़ी, आज उसी का नतीजा है कि बुढ़ार को स्पोट्र्स हब बनने का गौरव प्राप्त हो रहा है। उन्होंने साबित कर दिया कि विकास मांगने से नहीं, बल्कि छीनने और अपनी बात को मजबूती से रखने से मिलता है। उनकी इस कार्यशैली ने विरोधियों के मुंह पर ताला जड़ दिया है।

### दिग्गजों का मिला साथ, बुढ़ार बना विकास का रथ

इस बड़ी उपलब्धि के पीछे टीम वर्क की वह ताकत है, जिसने असंभव को संभव



कर दिखाया। वर्तमान विधायक जयसिंह मरावी का संरक्षण और उनका प्रशासनिक हस्तक्षेप इस प्रोजेक्ट की रीढ़ बना। विधायक मरावी ने शासन स्तर पर हर उस बाधा को दूर किया जो इस प्रोजेक्ट की राह में रोड़ा बन रही थी। वहीं पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी का लंबा राजनीतिक अनुभव और उनकी दूरदर्शिता इस पूरे अभियान का मार्गदर्शक रही। उनके अनुभव ने फाइलों के बंद



रास्तों को खोलने का काम किया। प्रशासनिक मोर्चे पर शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की भूमिका किसी नायक से कम नहीं रही। डॉ. सिंह ने खेल और युवाओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए इस प्रोजेक्ट की तकनीकी और प्रशासनिक फाइलों को जिस रफ्तार से आगे बढ़ाया, उसने स्श्वष्टरु प्रबंधन को भी झुकने पर मजबूर कर दिया। कलेक्टर की तत्परता और जनप्रतिनिधियों के समन्वय ने आज बुढ़ार की झोली में करोड़ों की सौगात डाल दी है।

### धनपुरी का विकास पड़ेगा फीका

क्षेत्रीय राजनीति में अक्सर विकास की तुलना की जाती है, लेकिन बुढ़ार का यह नया स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स एक ऐसी लकीर खींचने जा रहा है जिसे पार करना किसी के लिए आसान नहीं होगा। जानकारों का कहना है कि इस भव्य स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स के सामने अब धनपुरी का विकास भी बौना नजर आएगा। बुढ़ार अब केवल एक व्यावसायिक केंद्र ही नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं की नर्सरी के रूप में उभरेगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाले इस कॉम्प्लेक्स ने बुढ़ार को विकास के उस पायदान पर खड़ा कर दिया है, जहां से पड़ोसी क्षेत्र अब काफी पीछे नजर आ रहे हैं।

### आभार का सैलाब और खुशियों की दिवाली

जैसे ही एसईसीएल द्वारा फंड जारी होने की खबर नगर में फैली, खुशी का ठिकाना नहीं रहा। श्रीमती सरावगी ने इस सफलता का श्रेय नगर की जनता और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग देने वाले हर व्यक्ति को दिया है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, कौन कहता है कि मेहनत का फल नहीं मिलता? अगर शिद्दत से प्रयास किया जाए तो कायनात भी साथ देती है। यह स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स बुढ़ार के युवाओं के भविष्य की नई इबारत लिखेगा। श्रीमती सरावगी के नेतृत्व में बुढ़ार ने विकास की जो छलांग लगाई है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि नेतृत्व करने वाले में इच्छाशक्ति हो, तो संसाधनों की कमी कभी आड़े नहीं आती। बुढ़ार की जनता आज गौरवान्वित है और पूरे जिले में इस ऐतिहासिक जीत की गूंज सुनाई दे रही है।

# आर्य ने कक्षा में पाया प्रथम स्थान, क्षेत्र का बढ़ाया मान



**बुढार।** डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़ार के मेधावी छात्र आर्य चौधरी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। आर्य ने अपनी लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत के दम पर लगभग 94.5 प्रतिशत अंक अर्जित किए और कक्षा में टॉप किया।आर्य चौधरी, पिता दीपक चौधरी एवं माता रेखा चौधरी के सुपुत्र हैं। उनकी माता ग्राम पंचायत पकरिया में उपसरपंच के पद पर कार्यरत हैं, यह वही उपसरपंच हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर उनका टीका वंदन किया था, जबकि पिता एक सफल कारोबारी एवं समाजसेवी के रूप में क्षेत्र में अपनी पहचान रखते हैं, इन्होंने प्रधानमंत्री के आगमन पर उनकी अगुवाई की थी, आर्य की इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि आर्य पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहते हैं। विशेष रूप से समूह कार्यों में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है, जो उनके नेतृत्व और सहयोग की भावना को दर्शाता है। रिपोर्ट कार्ड में भी उन्हें विभिन्न विषयों में अच्छे ग्रेड प्राप्त हुए हैं। विद्यालय प्रबंधन ने आर्य की सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है और कहा है कि मेहनत व अनुशासन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर आर्य के माता-पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने बेटे को आगे भी बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन देते रहेंगे, ताकि वह भविष्य में और बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सके। विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों ने आर्य चौधरी को इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सिद्ध बाबा मंदिर डोगरिया में होगा भव्य एवं विराट जन्म उत्सव







### पवन चीनी मित्र मंडली द्वारा निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**अमलाई।** नगर परिषद बरगवां अमलाई अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 में भव्य एवं विराट शत्रु संघारणाएं विद्यावान 11 मुखी हनुमान महाराज सिद्ध बाबा पहाड़ी में विराजमान है विदित हो कि 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान महाराज के दर्शनार्थ भारी मात्रा में भक्तों की भीड़ उमडऩे वाली है क्योंकि संपूर्ण मध्य प्रदेश में एकमात्र सिद्ध बाबा की पहाडिय़ां में 11 मुखी हनुमान जी भक्तों को देंगे दर्शन और करेंगे सभी की मनोकामना पूर्ण प्रकृति की अनुपम छटा एवं प्रकृति की सुंदरता के बीच पहाड़ के ऊपर सुगम रास्ता भक्तों के द्वारा बनाए गए ऊपर जाने के लिए सीढिय़ां पूर्व से डोगरिया के पहाड़ में सिद्ध बाबा विराजमान है और साथ में अब भक्तों को 11 मुखी हनुमान जी के भी होंगे दर्शन। जन्मोत्सव के अवसर पर होगी विशेष पूजा अर्चना और विराट एवं भव्य भंडारे का आयोजन भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा किए जाएंगे ऐसे में हनुमान महाप्रभु के दर्शन के बाद जो सुकून एवं शांति मां को प्राप्त होती है अकल्पनीय है आने वाले समय में हनुमान जी की अनुकंपा के कारण एक पर्यटक स्थल के रूप में विकास होना निश्चित है जैसे-जैसे 11 मुखी हनुमान जी के विशेष कृपा एवं अनुग्रह का प्रचार प्रसार तेजी के साथ होगा तो निश्चित रूप से भक्तों की भीड़ और मंदिर प्रांगण का विकास होना निश्चित है। विदित हो कि डोगरिया टोला के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित पहाड़ में अपनी एक विशेष महत्व रखते हुए पूर्व से ही सिद्ध बाबा का मंदिर बना हुआ है और महाशिवरात्रि के दिन मेले का आयोजन भी होता है नाग पंचमी एवं अन्य त्योहार के शुभ अवसर पर स्थानीय एवं बाहर से आने वाले श्रद्धालु एवं भक्तजनों के द्वारा विशेष पूजा अर्चन भी किए जाते हैं। वहीं हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी 2 अप्रैल को शाम 4:00 से शिव मंदिर अमलाई बस स्टैंड से बैंड डीजे के साथ चीनी मित्र मंडली के द्वारा शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर नगर परिषद बरगवां अमलाई के पार्षद समाजसेवी पवन चीनी द्वारा शिव मंदिर से लेकर सिद्ध बाबा मंदिर तक सडक़ों पर फूलों की वर्षा के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित भक्तगणों को हनुमान भक्तों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर शोभा यात्रा को सफल बनाएं।

# जनता की रसोई पर डाका डाल रही सरकार: अंकित



### बढ़ती महंगाई और किल्लत के खिलाफ सडक़ पर उतरे कांग्रेसी

**तहसीलदार को सौंपा महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन**

**बुढ़ार।** जनता की गाढ़ी कमाई पर महंगाई का चाबुक और बुनियादी सुविधाओं के लिए मची त्राहि-त्राहि के खिलाफ आज बुढ़ार की सडक़ें कांग्रेस के नारों से गूंज उठीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान और जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी के कुशल मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़ार ने केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का शंखनाद कर दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय का घेराव कर महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

### रसोई से लेकर सडक़ तक हाहाकार

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों का गुस्सा सातवें आसमान पर था। ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सिंह ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें आसमान छू रही हैं, ऊपर से बाजार में सिलेंडर की भारी किल्लत ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। बिजली की बढ़ती दरों ने उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है, तो वहीं डीजल और पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता न होने से परिवहन और खेती-किसानी ठप होने की कगार पर है। कांग्रेस ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि इन समस्याओं का तत्काल निराकरण नहीं हुआ, तो यह आंदोलन उग्र रूप धारण करेगा।

### दिग्गजों ने भरी हुंकार, एकजुट दिखी कांग्रेस

इस प्रदर्शन में कांग्रेस की एकजुटता और आक्रामकता साफ नजर आई। प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष मुबारक मास्टर, और धनपुरी नपा उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से सरकार को घेरा। वक्ताओं ने कहा कि यह सरकार केवल विज्ञापनों में चल रही है, जबकि धरातल पर जनता बूंद-बूंद तेल और एक-एक यूनिट बिजली के लिए तरस रही है।

### भारी लाव-लश्कर के साथ पहुंचे कांग्रेसी

ज्ञापन सौंपने के दौरान बुढ़ार नपा उपाध्यक्ष शेखर चौधरी, भानु दीक्षित, संतोष सिंह सेंगर, और नगर अध्यक्ष (बुढ़ार) हर्ष पाठक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदर्शन में आदिवासियों और महिलाओं की भागीदारी ने इसे एक व्यापक जन आंदोलन का रूप दे दिया। आदिवासी नेता विमल सिंह और महिला नेत्रियों सुजाता बैरागी, नेहा खान व जूही बैरागी ने भी अपनी आवाज बुलंद की। इस अवसर पर आनंद मोहन जायसवाल, नौशेर खान, अशोक सिंह, लीला राम जगवानी, नीलम सिंह, मो. साबिर, मनोज जैन, और अभिषेक अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जब तक जनता को महंगाई से निजात नहीं मिलती, कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी।

# शहडोल में मौत परोस रहे मिलावटखोर, रक्षक बना भक्षक

**खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर वसूली के गंभीर आरोप**






**शहडोल।** जिला इन दिनों मिलावटखोरों की ऐशगाह बना हुआ है और इस पूरे काले साम्राज्य का सरदार कोई और नहीं, बल्कि जनता की सेहत की रक्षा के लिए तैनात जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.के. सोनी को बताया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो जिले में बैठकर साहब ने ब्योहारी सहित पूरे अंचल में वसूली का ऐसा जाल बिछाया है कि मिलावटखोर अब बेखौफ होकर लोगों की थाली में जहर परोस रहे हैं। रक्षक ही जब भक्षक बन जाए, तो जनता न्याय की गुहार किससे लगाए।

### सरसों तेल का खूनी खेल

मिलावटखोरी का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला वाकया बीते 27 मार्च 2026 को ब्योहारी के विनायक पैलेस में सामने आया। बब्बू खान की सुपुत्री के निकाह समारोह में राजू गुप्ता की दुकान से पतंजलि ब्रांड का सरसों तेल खरीदा गया था। लेकिन जैसे ही हलवाई ने सब्जी बनाने के लिए तेल कड़ाही में डाला, उपस्थित लोगों के होश उड़ गए। गर्म होते ही वह पीला तेल किसी डाबर आंवला हेयर ऑयल की तरह गाढ़ा हरा हो गया। गनीमत रही कि खाना बनाने वाले मिस्त्री ने सूझबूझ दिखाई और तत्काल उस जहरीले तेल को हटवा दिया। यदि उस केमिकल युक्त तेल से खाना बन जाता, तो शादी का जश्न मातम में बदल सकता था और सैकड़ों लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार होकर अस्पताल पहुंच जाते। यह घटना चीख-चीख कर कह रही है कि ब्रांडेड पैकेटों के अंदर मौत का सामान बिक रहा है।

### होटल से लेकर फैक्ट्री तक वसूली का साम्राज्य

बाजार में चर्चा है कि जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.के. सोनी ने ब्योहारी नगरीय क्षेत्र को अपनी निजी जागीर बना लिया है। नाम न छापने की शर्त पर एक रेस्टोरेंट संचालक ने विस्फोटक खुलासा करते हुए बताया कि साहब का एजेंट हर महीने होटलों, डेयरियों, नमकीन फैक्ट्रियों, पानी सप्लाई प्लांटों और किराना स्टोरों से लाखों रुपये की मासिक वसूली करता है। यही कारण है कि ब्योहारी में कभी कोई बड़ी कार्यवाही नहीं होती। नकली मावा, सिंथेटिक दूध, घटिया पनीर और मिलावटी मसालों का बाजार खुलेआम सज रहा है। जब रक्षक की जेब गांधी से गरम हो, तो उसे जनता की सिसकियां और बीमार होते बच्चे दिखाई नहीं देते। आरोप तो यहां तक हैं कि साहब फोन उठाना तक मुनासिब नहीं समझते, क्योंकि उनका पूरा ध्यान केवल कलेक्शन पर केंद्रित है।

### कागजी घोड़े दौड़ा रहा विभाग

जब से आर.के. सोनी ने जिले का प्रभार संभाला है, तब से मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि साहब साल में एकाध बार पिकनिक मनाने और अपने एजेंटों के माध्यम से जेब का वजन बढ़ाने ब्योहारी जरूर आते हैं, लेकिन जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। विभाग का अमला दफ्तर में बैठकर कागजी कार्यवाही पूरी कर लेता है, जबकि हकीकत में बाजार नकली सामग्री से पटा पड़ा है।

### कब जागेगा प्रशासन

ब्रांडेड कंपनियों के लेबल लगाकर खुलेआम नकली सामान ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। क्या जिला प्रशासन और सरकार को इस अवैध वसूली और स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ की भनक नहीं है? ब्योहारी की जनता अब सडक़ों पर उतरने को तैयार है। स्थानीय व्यापारियों में भी इस अवैध वसूली तंत्र को लेकर भारी आक्रोश है। शहडोल की जनता अब आर.के. सोनी जैसे अधिकारियों पर कार्यवाही चाहती है, जो चांदी के सिक्कों के लिए लोगों की जान दांव पर लगा रहे हैं। यदि जल्द ही इन मिलावटखोरों और उनके संरक्षकों पर गाज नहीं गिरी, तो जनाक्रोश का विस्फोट होना तय है।

## खबर संक्षेप

### सिद्ध बाबा की डोगरिया में होगा भव्य एवं विराट जन्म उत्सव



**अमलाई।** नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 05 में भव्य एवं विराट शत्रु संघारणाएं विद्यावान 11 मुखी हनुमान महाराज सिद्ध बाबा पहाड़ी में विराजमान है विदित हो कि 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान के दर्शनार्थ भारी मात्रा में भक्तों की भीड़ उमड़ने वाली है क्योंकि संपूर्ण मध्य प्रदेश में एकमात्र सिद्ध बाबा की पहाड़ियां में 11 मुखी हनुमान जी भक्तों को देंगे दर्शन और करेंगे सभी की मनोकामना पूर्ण प्रकृति की अनुपम छटा एवं प्रकृति की सुंदरता के बीच पहाड़ के ऊपर सुगम रास्ता भक्तों के द्वारा बनाए गए ऊपर जाने के लिए सीढ़ियां पूर्व से डोगरिया के पहाड़ में सिद्ध बाबा विराजमान है और साथ में अब भक्तों को 11 मुखी हनुमान जी के भी होंगे दर्शन। जन्मोत्सव के अवसर पर होगी विशेष पूजा अर्चना और विराट एवं भव्य भंडारे का आयोजन भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा किए जाएंगे ऐसे में हनुमान महाप्रभु के दर्शन के बाद जो सुकून एवं शांति प्राप्त होती है अकल्पनीय है आने वाले समय में हनुमान जी की अनुकंपा के कारण एक पर्यटक स्थल के रूप में विकास होना निश्चित है जैसे-जैसे 11 मुखी हनुमान जी के विशेष कृपा एवं अनुग्रह का प्रचार प्रसार तेजी के साथ होगा तो निश्चित रूप से भक्तों की भीड़ और मंदिर प्रांगण का विकास होना निश्चित है। विदित हो कि डोगरिया टोला के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित पहाड़ में अपनी एक विशेष महत्व रखते हुए पूर्व से ही सिद्ध बाबा का मंदिर बना हुआ है और महाशिवरात्रि के दिन मेले का आयोजन भी होता है नाग पंचमी एवं अन्य त्योहार के शुभ अवसर पर स्थानीय एवं बाहर से आने वाले श्रद्धालु एवं भक्तजनों के द्वारा विशेष पूजा अर्चन भी किए जाते हैं।

### शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र आज से होगा प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लिए नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के संचालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा। नवीन सत्र के प्रथम दिवस पर सभी विद्यालयों में 'प्रवेशोत्सव' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा। साथ ही, स्कूल चलें हम' अभियान के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षा विभाग द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि सत्र प्रारंभ होते ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों में पुस्तकालयों को सक्रिय करते हुए 'लर्निंग कॉर्नर' में पुस्तकों का प्रदर्शन अनिवार्य किया गया है। कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए 'स्कूल रेडिनेस' कार्यक्रम के अंतर्गत 'विद्या प्रवेश' गतिविधियों का संचालन किया जाएगा, जिससे बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिल सके। वहीं कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं गणनात्मक कौशल पर विशेष ध्यान देते हुए आवधिक आकलन के आधार पर पुनः शिक्षण कार्य कराया जाएगा।

### समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन हेतु कलेक्टर ने जिले में 2 उपार्जन केन्द्र किए स्थापित

**अनूपपुर।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर का उपार्जन कार्य 30 मार्च से 28 मई तक किया जाएगा। जिले में चना एवं मसूर उपार्जन नीति 2026-27 के प्रावधानों के तहत पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर का उपार्जन कार्य किए जाने हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने दो उपार्जन केंद्र स्थापित किए हैं। जिनमें तहसील पुष्पराजगढ़ के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. राजेन्द्रग्राम अंतर्गत कृषि उपज मण्डी राजेन्द्रगाम तथा तहसील अनूपपुर के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. पटनाकला अंतर्गत कृषि उपज मण्डी अनूपपुर में उपार्जन कार्य किया जाएगा।

## एनसीओआरडी समिति की बैठक संपन्न

# जिले को नशा मुक्त बनाने प्रचार प्रसार करने के दिए गए निर्देश



**उमरिया। जिले में नशा मुक्ति अभियान के सक्रिय क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर सभागार में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी कि उपस्थिति में एन सी ओ आर डी समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस सक्रिय रहकर वैद्यानिक कार्यवाही करे एवं पूर्व से दर्ज प्रकरणों पर पुलिस न्यायालय में तेजी से गवाही करावें। जिससे दोष सिद्ध हो सके एवं दोषी व्यक्ति इस प्रकार के व्यवसाय से दूर रहने की दिशा में मजबूर हो सके।**

उन्होने कहा कि जनअभियान परिषद्- विभिन्न विभागो / संस्थाओ से समन्वय कर मैराथन, प्रभातफेरी, नशामुक्त प्रदर्शनी का आयोजन करे तथा एनएमबीए एप पर ऑनलाईन एवं ऑफलाईन शपथ के कार्यक्रम आयोजित किए जाए। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक स्कूल के विद्यार्थियो के लिये आयोजित होने वाले विशेष समर केम्पों में प्रतियोगिताएँ,चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, रंगोली, ग्राफ्टी वाल फॉर ड्रग संदेश आदि का आयोजन, व्याख्यान, लघुकृत फिल्मो का प्रदर्शन किया जावे। विद्यालय के 100 मीटर के दायरे मे पान/गुटखा की दुकानो पर विकय को प्रतिबंधित किया जावे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैराथन रैली, नशीली दवाओं के विरूद्ध दौड़, स्वास्थ्य विभाग हस्ताक्षर अभियान, एनएमबीए एप पर ऑनलाईन एवं ऑफलाईन शपथ, तम्बाकू नियंत्रण केन्द्र द्वारा तम्बाकू उत्पदों के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारियों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री के आव्हान पर केमिकल ड्रग्स के विरूद्ध 1 अप्रैल 2026 से मुहिम चलाई जाए इसमें एनसीओआरडी समन्वय के समस्त विभाग नशामुक्ति एवं सिन्थेटिक ड्रग्स से दूरी के संबंध में रैली,नुक्क्ड-नाटक, निबंध,चित्रकला,वाद-विवाद, सोशल मिडिया आदि के माध्यम से नशे के विरूद्ध व्यापक प्रचार प्रसार करें। एवं लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करें। स्कूल, कालेज,अस्पताल, डी-एडिक्शन सेंटर आदि में आने वाले ऐसे प्रकरणों की पुलिस को सूचना दी जावे ताकि पुलिस इनसे सम्पर्क कर इस कारोबार में संलग्न व्यक्तियों की जानकारी लेकर योजनाबद्ध तरीके से इन दोषियो के विरूद्ध वैद्यानिक कार्यवाही कर सके।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस . चंदेल, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग अमन दुबे, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी,जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी, डीपीसी के के डेहरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आम जनों की समस्याएं



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए आम जनों की समस्याएं सुनी तथा निराकरण के लिए आवेदनों को संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया । जनसुनवाई में सुरेंद्र बैगा करही टोला ने आराजी भूमि से अवैध कब्जा हटाने, चंद्रशेखर,कपिल,सुनीता , सरोज,अमरपुर ने लेवर पेमेंट कराने,सुदामा,कौशल, कमलेश, संतोष, रितेश,विमल उजनिया ने ग्राम पंचायत ऊफरी अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में स्वीकृत सामुदायिक भवन को ग्राम उजनिया में बनवाने, रहल सिंह गोपालपुर ने बैट्री चलित ट्रायसिकिल दिलाने, मइकी बाई ग्राम बरतराई ने आराजी खसरा नंबर पर बने बाडी पर विक्रय पत्र निष्पादन पर रोक लगाने, दद्दी लाल सस्तरा ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, रानी नामदेव निगहरी ने आवासी मकान का पटटा दिलाने संबंधी आवेदन दिया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का किया गया शुभारंभ



**उमरिया।** म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान पर म. प्र. जन अभियान परिषद विकास खंड मानपुर ने जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति अभियान अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारम्भ नवांकुर संस्था रामकृष्ण शोध संस्थान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक भीम सिंह,जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला द्वारा नगर पचायत मानपुर में जल मंदिर का उद्घाटन किया गया । कार्यक्रम में संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्याऊ जल सेवा गर्मी के मौसम में राहगीरो की प्यास बुझाने का एक पुनीत और सामाजिक कार्य है जो भारतीय संस्कृति में जल के महत्व को दर्शाता है । कार्यक्रम के अंत में सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम में विकास खंड समन्वयक महेंद्र सिंह तराम, परामर्श दाता ठाकुर राम साहू , कल्याण यादव,नवाकुर संस्था से मुकेश तिवारी उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर जारी



**उमरिया।** शासकीय महाविद्यालय उमरिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिवस की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। सुबह 5रू30 बजे शिविरार्थियों ने खेर माता मंदिर एवं आंगनबाड़ी केंद्र से होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। इसके बाद योग सत्र में सूर्य नमस्कार, कुंभक, वज्रासन, धनुरासन एवं शवासन का अभ्यास कराया गया तथा योग के सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई। परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम पंचायत उजान में स्वच्छता ही सेवा के संकल्प के साथ व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। शिविरार्थियों ने माध्यमिक विद्यालय परिसर, बौद्धिक कक्ष, सांस्कृतिक मंच, आंगनबाड़ी केंद्र तथा खेर माता मंदिर परिसर में साफ-सफाई एवं सज्जा का कार्य किया। यह गतिविधियाँ कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन एवं कोर टीम के पर्यवेक्षण में संपन्न हुईं।शिविर के दौरान बाल विवाह उन्मूलन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्राध्यापकों एवं विशेषज्ञों ने स्वयंसेवकों को सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों से अवगत कराया और उन्हें रोकने के लिए प्रेरित किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिविरार्थियों ने देशभक्ति गीत, काव्य पाठ एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर नशामुक्ति, बाल विवाह उन्मूलन और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## महाविद्यालय उमरिया में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय रणविजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया में आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी महाविद्यालय उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम जितेंद्र कुमार ने बताया कि राज्य से प्राप्त निर्देश अनुसार महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कुल 110 छात्र-छात्राओं का हीमोग्लोबिन की जांच बीएमआई की जांच बीपी शुगर की जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया । कार्यक्रम में डॉक्टर अनिल गुप्ता,किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता वर्षा त्रिपाठी पूनम मिश्रा,एएनएम कृष्ण सिंह,एएनएम प्रीति यादव के द्वारा स्वास्थ्य एवं जांच परीक्षण संपादित किया गया। डॉ.विमला मरावी प्राचार्य महाविद्यालय द्वारा उक्त गतिविधि के आयोजन से छात्र-छात्राओं को हो रहे लाभ के संबंध में प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं उमंग शिक्षा हेल्थ एंडयू वैलनेस कार्यक्रम एक सकारात्मक पहल की ओर बताया गया महाविद्यालय से डॉ रमेश कोल रश्मि सिंह डॉक्टर ऋषि राज पुरवार जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वय उपस्थित रहे।

## छात्र हित में श्री कल्याण सेवा आश्रम द्वारा दो नवीन स्कूल बसों का समर्पण



### पूर्व से संचालित तीन बसों के साथ सुविधा में विस्तार

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों की सुविधा एवं उनके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए श्री कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक द्वारा एक सराहनीय एवं दूरदर्शी पहल की गई है। कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय, पटना (राजेंद्रग्राम) में छात्र-छात्राओं की निरंतर बढ़ती संख्या को देखते हुए आश्रम द्वारा दो नवीन स्कूल बसों का क्रय कर विद्यालय को समर्पित किया गया है। इस संबंध में आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज ने बताया कि वनांचल क्षेत्र में शिक्षा का प्रकाश प्रत्येक घर तक पहुंचे, इसी पावन उद्देश्य से परम तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज के आशीर्वाद से इस विद्यालय की स्थापना की गई थी। समय के साथ विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिसके कारण उनके आवागमन हेतु बेहतर व्यवस्थाओं की आवश्यकता अनुभव की गई। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय में पूर्व से ही तीन बसें संचालित हो रही हैं, किंतु गत दो वर्षों से विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या के कारण अतिरिक्त बसों की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही थी। इसी आवश्यकता की पूर्ति हेतु आश्रम द्वारा दो और नवीन बसों की व्यवस्था कर विद्यालय को समर्पित किया गया है। अब कुल पांच बसों के संचालन से छात्र-छात्राओं को सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। स्वामी ने कहा कि इन सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने में किसी प्रकार की बाधा न हो, यही आश्रम का प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही, संस्थान का लक्ष्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्षम एवं संस्कारित नागरिक तैयार करना भी है। इस अवसर पर स्वामी जगदीशानंद महाराज, स्वामी हारस्वरूप महाराज, स्वामी सुंदरानंद महाराज, स्वामी धर्मानंद महाराज, स्वामी शांतानंद महाराज, स्वामी धूनी दास, विनोद कार्की, राजेंद्र बिष्ट, डाक्टर आशुतोष पाठक, उमाशंकर पांडेय, पंडित मुकेश पाठक, पंडरी पटेल लाल सहित आश्रम के अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस प्रकार श्री कल्याण सेवा आश्रम का यह प्रयास वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार एवं विद्यार्थियों की सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम सिद्ध हो रहा है।

## सेवानिवृत्ति पर मृगेंद्र सिंह का सम्मान



### काली मंदिर भालूमाडा में सुंदरकांड व विशाल भंडारे का आयोजन

**बदरा/जमुना।** भालूमाडा एसईसीएल कालरी के वीआईपी गेस्ट हाउस के इंचार्ज मृगेंद्र सिंह के सेवा निवृत्त होने के अवसर पर भालूमाडा स्थित काली मंदिर प्रांगण में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें उनके इष्ट मित्रों, सहयोगियों और परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। धार्मिक माहौल में श्रद्धालु भक्ति भाव से सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए और भगवान से मृगेंद्र सिंह के सुखद, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुंदरकांड पाठ के पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मित्रों, शुभचिंतकों और सहकर्मियों ने मृगेंद्र सिंह को सेवा निवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी तथा उनके लंबे और सफल कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि मृगेंद्र सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान हमेशा सभी की मदद करने का प्रयास किया और अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व व सहयोगी भावना के कारण लोगों के बीच उनकी अच्छी पहचान और मजबूत पकड़ रही। उनके साथ काम करने वाले लोगों ने उनके अनुभव, कार्यशैली और व्यवहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करने वालों में क्षेत्र के कई अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन शामिल रहे। प्रमुख रूप से सुखविंदर सिंह, गुलाब रजक, संतोष चौरसिया, अजय द्विवेदी, मोनू जायसवाल, लाल बहादुर जायसवाल, मंजू मिश्रा सहित हजारों की संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं और उनके आगामी जीवन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, मित्रगण और परिवारजन उपस्थित रहे।

## ग्रीष्म ऋतु में हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु सीएमएचओ ने जारी किए दिशा-निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीष्म ऋतु में बढ़ती गर्मी को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने आमजन से हीट स्ट्रोक (लू) एवं मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के प्रारंभिक लक्षणों में अत्यधिक पसीना आना, घबराहट, सिरदर्द, चक्कर आना, बुखार, उल्टी, मांसपेशियों में ऐंठन तथा त्वचा पर लाल चकत्ते शामिल हैं। यदि समय पर उपचार न मिले तो स्थिति गंभीर हो सकती है, जिससे मस्तिष्क क्षति, दौरे, हृदय एवं गुर्दे पर प्रतिकूल प्रभाव तथा मृत्यु तक की संभावना रहती है। सीएमएचओ द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत ओपीडी में छायादार बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना तथा जिला चिकित्सालय में 5 बिस्तर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 2-2 बिस्तर गर्मी से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु आरक्षित रखने के निर्देश शामिल हैं। जनसामान्य से अपील की गई है कि गर्मी के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं तथा नींबू पानी, फल रस, गन्ने का रस एवं ओआरएस का सेवन करें। अत्यधिक धूप में बाहर निकलने से बचें, आवश्यक होने पर सिर एवं चेहरे को ढककर ही बाहर जाएं तथा ढीले एवं सूती वस्त्र पहनें। बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की भी सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में लू या अत्यधिक ताप के लक्षण दिखाई दें, तो तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर आवश्यक उपचार प्राप्त करें।

## खबर संक्षेप



### भीषण गर्मी में प्याऊ से मिलेगा शीतल जल

**कटनी।** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में आमजन व राहगीरों को राहत देने के लिए जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केसवाल के निर्देशन में एवं ब्लॉक समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक सराहनीय पहल की गई संस्था ने मडई ग्राम के मुख्य मार्ग पर निशुल्क शीतल प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया गया है संस्था ने महसूस किया की तापमान लगातार 40 डिग्री के आसपास जा रहा है जिससे राहगीरों और राज चलती जनता को पानी के लिए भटकना पड़ता है आम जनता की सुविधा और प्यास बुझाने के लिए नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल और संस्था के साथ ही सभी सहयोगी द्वारा राहगीरों को मटके का ठंडा पानी पिलाकर प्याऊ की शुरुआत की राहगीरों के द्वारा इस धर्मार्थ सेवा कार्य की प्रशंसा की गई। इस कार्य में वीरू कोल ,आनंद कोल, विवेक कोल, मनीष कोल, विकास कोल एवं सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने किया गौरवान्वित



**सिलौंडी।** सिलौंडी में 8 वी क्लास में 17 बच्चो ने 80 से अधिक प्रतिशत सिलौंडी को गौरवान्वित किया सिलौंडीः सिलौंडी के मिलेनियम स्कूल नेगाई में कक्षा आठवीं में बच्चों ने अच्छे अंक लाकर सिलौंडी का नाम रोशन किया है जिसमें कुल प्राप्तांक 600 में से लिटिल स्टोरी मिलेनियम नेगई सिलौंडी कक्षा 8वीं के सभी 17 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रतिशत लाकर ग्राम और स्कूल का नाम रौशन किया है। अनुष्का राय - 89.3% 2. अंशिका हल्दकर - 88% 3. छवि तिवारी - 88.1% 4. अनामिका चम्पुरिया - 87.5% 5. सोनाक्षी राय - 87.1% 6. आदर्श साहू - 84.83% 7. हार्दिक साहू - 84.5% 8. प्रिंसी राय - 84.3% 9. अंश रजक - 84% 10. अरिहंत जैन - 83.6% 11. समर यादव - 83.6% 12. श्रेयांश साहू - 83.1% 13. दिव्यानी बागरी - 82.5% 14. कनिष्क राय - 82.8% 15. मानवी राय - 81.5% 16. सोनू सिंह - 81.1% 17. साधना ठाकुर - 80.1% प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिलौंडी को गौरविन्वित किया ।

### चार वार्डों में छोड़ा गया मच्छररोधी रासायनिक धुआं



**कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में निगम अमले द्वारा चार वार्डों में रासायनिक धुआं छोड़कर मच्छरों की संख्या को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार अभियान के तहत नेहरू वार्ड, फॉरेस्टर वार्ड, राम कृष्ण परमहंस वार्ड एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में क्षेत्रीय पार्षद एवं वार्ड दरोगा की मौजूदगी में वार्ड के विभिन्न मुख्य मार्गों, बस्तियों सहित नालियों एवं जलभराव वाले स्थानों पर विशेष रूप से फॉगिंग कर रासायनिक धुआं का छिड़काव किया गया, जिससे मौसमी बीमारियों के प्रसार को कम किया जा सके। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, ताकि इस अभियान को और प्रभावी बनाया जा सके।

# बुडवा बस स्टैंड में नाली ना होने से दुकानों के सामने बहता है गंदा पानी कई बार की जा चुकी है शिकायत, सीएम हेल्पलाइन से भी नहीं हुआ समस्या का समाधान



विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़वा बस स्टैंड में नाली ना होने के कारण लोगों की दुकानों एवं धर्म के सामने से गंदा पानी बहता है जिससे आए दिन लोगों को परेशानी होती है

**ब्यौहारी।**

इस संबंध में कई बार ग्राम पंचायत की सरपंच सचिव को जानकारी दी गई शिकायत की गई लेकिन अभी तक नाली निर्माण नहीं हुआ स्थानी लोगों का कहना है कि बस स्टैंड में निर्माण कराया जाए।



दुकान के सामने गंदा पानी बहने के कारण ग्राहक नहीं आते दुकानदारी भी प्रभावित होती है सरपंच सचिव को कई बार बताया गया लेकिन अभी तक मलिक का निर्माण नहीं कराया गया

**राजेश तिवारी**
**होटल संचालक बस स्टैंड बुडवा।**



नाली के लिए कई बार शिकायत किया ब्लॉक मुख्यालय के साथ जिला में कलेक्टर के यहां भी शिकायत कर चुका हूं दुकान के सामने गंदा पानी बहता है उससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है।

**राम लखन वैश्य**
**किराना दुकानदार बस स्टैंड।**



नाली के कारण मच्छर पनपते हैं हम लोग रात में सो नहीं पाते कई बार समस्या के लिए आवाज उठाई गई लेकिन सांसद विधायक कोई सुनने वाला नहीं यह समस्या निरंतर 2 साल से बनी हुई है ।

**मोतीलाल बैश्य स्थानी रहवासी।**

सरपंच सचिव की लापरवाही है वह काम करना ही नहीं चाहते सरपंच भी सचिन की इशारे पर काम कर रहे हैं और अधिकारी बजट का बहाना बना रहे हैं आखिर दूसरे काम हो ही रहे तो प्राथमिकता वाले काम क्यों नहीं कराये जा सकते यदि वहां के कुछ लोग तैयार हो जाते हैं और मेरे पास आते हैं तो मैं जनपद स्तर से शिकायत के निराकरण करने का प्रयास करूंगा

**शैलेंद्र मिश्रा**
**ब्लॉक अध्यक्ष सरपंच संघ ब्यौहारी-।**

छोटी पंचायत है पंचायत के पास बजट नहीं सोनाली निर्माण कहां से हो कई सीएम हेल्पलाइन भी लगी हुई है क्षेत्र के विधायक के सांसद जी चाहे तो बजट दें तो नाली निर्माण कराया जा सकता है।

**उदय भान सिंह पेंड्रो**
**खंड पंचायत अधिकारी ब्यौहारी**

## पपौंध में जल मंदिर प्याऊ का किया गया शुभारंभ



**ब्यौहारी**

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण जल शक्ति से नौ भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 31 मार्च 2026 को ग्राम विकास प्रफुस्टन समिति पपौध के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पपौध के द्वारा गांधी तिराहा पपौंध प विकासखंड ब्यौहारी, में निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रफुस्टन समिति के अध्यक्ष प्रभाकर मिश्रा एवं सचिव अभिनव सिंह चतुर्वेदी सदस्य गण रामधर जायसवाल , अमित जायसवाल , रामकिशोर दहिया एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया निशुल्क प्याऊ से गांधी तिराहा पपौंध में आने जाने वाले ग्रामीण जनों को शीतल जल की सुव्यवस्थित व्यवस्था किया गया है इस प्याऊ 31 मार्च से 30 जून तक संचालित रहेगा।

# अतिक्रमण अपना जाल फैला





**ब्यौहारी**

नगर में इन दोनों अतिक्रमण अपना जाल फैला रहा है रेलवे तिराहा से लेकर टंकी तिराहा तक एवं बिजली ऑफिस से लेकर सुखा तिराहा तक नाम मात्र 45 फुट की रोड है नगर परिषद द्वारा लगाया गया डिवाइडर से 23 फुट बाये और डिवाइडर से 23 फुट दांयें अतिक्रमणकारियों द्वारा इतना अतिक्रमण किया जा रहा है कि आए दिन जान जोखिम में गुजर रही है एक अंदाजा लगाया जाए तो साल भर में ब्यौहारी नगर में दर्जनों में मौत का कारण अतिक्रमण के कारण हो रही है जीता जागता उदाहरण 27 मार्च 2026 रामनवमी के दिन एक वार्ड क्रमांक 2 निवासी आदिवासी अच्चू कोल की जान चली गई व्यापारियों द्वारा 45 फुट के बाहर अपनी दुकान लगा एवं सजा दी जाती है जिससे और दिन प्रतिदिन दुर्घटनाएं बढ़ाने की उम्मीद बनी हुई है इस दुर्घटना पर नगर परिषद अध्यक्ष ,सीएमओ नगर परिषद एवं एसडीएम, एसडीओपी थाना प्रभारी तहसीलदार सहित जिला के आला अधिकारियों से अतिक्रमण हटाने की मांग उठ रही है

# भालूमाड़ा पुलिस ने अवैध रुप से कोयला चोरों के विरूद्ध की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।**

भालूमाड़ा की पुलिस टीम द्वारा 30 मार्च को दोपहर करीब 02 बजे ग्राम पयारी नम्बर 02 में रेड कार्यवाही कर ठाकुर बाबा के पास ग्राम पयारी नम्बर 2 में एक पिकअप मे चोरी का अवैध लोड कोयला वजन 3 टन कीमती 40,000 रुपये एवं कोयला बिक्री का पैसा कुल 49 हजार रुपये को आरोपी पिकप चालक संतोष कुमार चौधरी पिता धनीराम चौधरी उम्र 42 वर्ष निवासी मुण्डा थाना जैतहरी जिला अनूपपुर के कब्जे से जप्त कर जप्तशुदा पिकअप मय कोयला को लाकर थाना परिसर मे सुरक्षार्थ खडा कराया आरोपी के विरूध अपराध क्र. 104/2026 धारा 303 (2), 317 (5) 4/21 खान खनिज अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी भालूमाडा उप निरी. विपुल शुक्ला, प्र. आर. 55 विवेक त्रिपाठी, आर. 224 चक्रधन तिवारी की अहम भूमिका रही।

# शोभायात्राः चांदी के रथ पर सवार हुए त्रिशला नन्दन, इंद्रों ने खींचा रथ



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**

जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर का 2625 जन्मकल्याणक महोत्सव सोमवार को स्लीमनाबाद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैन मंदिर में सुबह महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक का आयोजन कर पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद नगर में सुबह 8 बजे से शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में जैन समाज के लोगों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। महावीर जयंती को लेकर सुबह से ही जैन मंदिरों में चहल-पहल रही। यात्रा के स्वागत के लिए नगर में जगह-जगह रंगोली सजाई गई थी। जहां शोभा यात्रा के पहुंचते ही लोगों ने पूजा अर्चना कर यात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा में सबसे आगे श्रद्धालु धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे।

# गैस की उपलब्धता और बढ़ी हुई क़ीमतें की जाये कम, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**



ईरान -इजरायल युद्ध के बीच देश में उपजी समस्या के चलते इन दिनों आम नागरिक अपनी जरूरत की चीजों को लेकर परेशान हो रहा है। स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में भी सबसे ज्यादा गैस उपभोक्ता गैस की समस्या को लेकर परेशान हो रहे है। आम नागरिक को परेशानी न हो इसके लिए कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को सरकार के खिलाफ हल्ला बोल करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से मांग की गईं कि घरेलू गैस सिलेंडर की दरो मै वृद्धि होने एवं आम नागरिकों को गैस सिलेंडर नही मिल पा रहा है। गैस सिलेंडर के लिए सुबह से लेकर शाम तक लाइनों मै लगकर खड़ा होना पड़ रहा है इसलिए गैस दामों की वृद्धि कम व गैस की उपलब्धता कम की जाये, जिससे लोगों को परेशान न होना पड़े बिजली की दरों मै मूल्य वृद्धि हो जाने के कारण घरेलू उपभोक्ता एवं किसान परेशान हो रहा है, इसलिए बिजली दरों की बड़ी हुई दरों को तत्काल निरस्त किया जाये।

वर्तमान में खेती किसानी का काम चल रहा है साथ ही शादी विवाह का सीजन भी शुरू होने वाला है लेकिन पेट्रोल -डीजल की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा मै नही हो पा रही है, जिससे समस्याएं उत्पन्न हो रही है। इसलिए पेट्रोल -डीजल की पर्याप्त मात्रा मै उपलब्धता कराई जाये, जिससे किसानों व आम लोगों को परेशानी न हो। ज्ञापन सौपे जाने के दौरान जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पं. प्रदीप त्रिपाठी,आदित्य दुबे,अनुराग मिश्रा, आकेश जैन आदि मौजूद रहे।

## श्रीजी की निकाली गई शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



आचार्य विद्या सागर युवा मंडल के तत्वाधान में अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर प्रात : महावीर चौक से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर घंटाघर, गर्ग चौराहा, नई बस्ती, हीरागंज, गोलबाजार, मेन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, जवाहर चौक से होते हुए महावीर कीर्ति स्तम्भ में समाप्त हुई। यात्रा में सबसे आगे धर्मध्वज लिए अश्वारोही धार्मिक झांकियां, भजन गाते युवा जन डांडिया, गरबा नृत्य करती महिलाएं, महावीर जी के संदेशों की तख्ती लेकर रात्रिकालीन पाठशाला बालक बालिकाएं चल रही थी। दो पालकी एवं दो रथ पर सवारी श्री जी को लेकर भक्तगण चल रहे थे। शोभायात्रा में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रायल, जैन मिलन संस्था द्वारा स्वागत एवं श्री

# पीला अक्षत लेकर घर-घर पहुँचे शिक्षक-विद्यार्थी, प्रवेश उत्सव के लिए अनूठा आमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज‹अनूपपुर।**

जन शिक्षा केंद्र अनूपपुर अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय कन्या बस्ती अनूपपुर के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा आगामी 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रवेश उत्सव को लेकर एक प्रेरणादायक एवं नवाचारी पहल की गई। इसके तहत विद्यालय परिवार ने अपने वार्ड में भव्य जुलूस निकालकर घर-घर जाकर पीला अक्षत के साथ अभिभावकों को आमंत्रण दिया। जुलूस के दौरान "बेटी पढ़ेगी, इतिहास गढ़ेगी" आधा रोटी खाएंगे, बच्चों को पढ़ाएंगे" सब पढ़ेंगे, सब बढ़ेंगे" एवं "शिक्षा का अधिकार सबको है" जैसे जागरूकता से भरे नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस पहल ने न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया। वार्ड के निवासियों ने इस जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया। जब अभिभावकों को पीला अक्षत देकर




आमंत्रित किया गया, तो उन्होंने इस अनूठे प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र अनूपपुर के जनशिक्षक रामकुमार राठौर, संस्था प्रधान अजय कुमार प्रसाद, सविता प्रजापति, एस. स्वाती राव, अतिथि अध्यापक श्रीमती विद्या राठौर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं स्व सहायता समूह के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रमेश प्रजापति और सपंत पटेल ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। संस्था प्रधान अजय कुमार प्रसाद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "प्रवेश उत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का अभियान है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। समाज और अभिभावकों के सहयोग से ही हम 'सब पढ़ें, सब बढ़ें' के संकल्प को साकार कर सकते हैं। इस तरह विद्यालय द्वारा किया गया यह प्रयास शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नए शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों के नामांकन सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रहा है।

## सहकारिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं किसानों को संगठित करना ही उद्देश्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, ढीमरखेड़ा में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता किसान सम्मेलन एवं कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की रैली के साथ हुई, रैली ने क्षेत्र में सहकारिता के महत्व का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग समिति की सभापति कविता पंकज राय रहीं। उन्होंने उपस्थित किसानों एवं जनसमूह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील ने सहकारिता के सिद्धांतों, योजनाओं एवं किसानों के लिए इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। जबकि विशिष्ट अतिथि सतीष ज्योति ज्योतिषी ने किसानों को सहकारी संस्थाओं से जुड़कर अधिकतम लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम का मंच संचालन अंकेक्षण अधिकारी विजय मिश्रा ने किया, जबकि अंत में प्रशासक बी-पैक्स समिति ढीमरखेड़ा बैबी नैना मेहरा ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## कोतमा में पत्रकार परिषद का चुनाव 4 अप्रैल को, संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद, ब्लॉक कोतमा द्वारा संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से ब्लॉक अध्यक्ष पद के निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। जारी निर्वाचन सूचना के अनुसार दिवाकर विश्वकर्मा को निर्वाचन अधिकारी तथा आशीष द्विवेदी को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निधारित प्रक्रिया का पालन करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराएं। यह निर्वाचन 04 अप्रैल शनिवार को दोपहर 12 बजे वाचनालय, स्टेशन के पास कोतमा में आयोजित किया जाएगा। परिषद के सभी अधिकृत सदस्यों से अपील की गई है कि वे समय पर उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि संगठन को मजबूत नेतृत्व मिल सके। यह आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश मिश्रा द्वारा जारी किया गया है, जिसमें सभी सदस्यों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया गया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर पयारी विद्यालय में सुधरा हैंडपंप, जल संकट से मिली राहत



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिले के फुनगा क्षेत्र अंतर्गत हनुमान मंदिर के समीप स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पयारी में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ था। विद्यालय परिसर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व हैंडपंप के लिए खनन कार्य कराया गया था, लेकिन सेट नहीं लगाए जाने के कारण हैंडपंप अनुपयोगी पड़ा था। इससे छात्राओं एवं शिक्षकों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी संज्ञान में आते ही कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही करते हुए हैंडपंप को सुधारकर चालू कर दिया। हैंडपंप के सुचारू रूप से शुरू होने के बाद विद्यालय में पेयजल संकट समाप्त हो गया है, जिससे विद्यार्थियों और स्टाफ को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय लोगों एवं विद्यालय प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 38 आवेदकों की सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 38 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम श्यामढुवारी निवासी श्रीमती वंशी कुमारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु भूमि का अधिग्रहण करने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम पोंड़ी खुर्द निवासी केशव प्रसाद पटेल ने पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम छोहरी निवासी श्यामलाल ने फौती नामांतरण कराए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम कांसा निवासी सूर्यबली विश्वकर्मा ने सीमांकन कराए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम लखौरा निवासी बुजुर्ग श्रीमती कुंवारिया पनिका ने भरण पोषण अधिनियम के तहत आर्थिक सहायता प्रदाय किए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम धिरौल (डोंगराटोला) निवासी श्रीमती दुर्गा सिंह ने स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

**खबरों के बाद जागा प्रशासन**

# घरेलू गैस के अवैध उपयोग पर छापा, 7 सिलेंडर जब्त

### कोयलांचल और पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में कार्यवाही कब

अनूपपुर में घरेलू गैस के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर आखिरकार प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। लगातार सामने आ रही खबरों के बाद खाद्य विभाग और राजस्व की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। हालांकि सवाल अभी भी बरकरार है कि क्या यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी?

फालोअप



घरेलू गैस का खेल, होटलों में धड़ल्ले से हो रहा इस्तेमाल





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में लंबे समय से होटल और मिष्ठान भंडारों में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग की शिकायतें सामने आ रही थीं। लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद अब प्रशासन हरकत में आया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने अनूपपुर, फुनगा और पयारी क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में करते पाया गया, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए कुल 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए और संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, लेकिन कोयलांचल क्षेत्र में अब भी इस तरह की जांच का अभाव सवाल खड़े कर रहा है।

### इन प्रतिष्ठानों से जब्त हुए सिलेंडर

संयुक्त टीम की कार्रवाई में काव्या होटल अनूपपुर से 1 एचपी सिलेंडर, अंकित मिष्ठान भंडार फुनगा से 1 एचपी और 1 इंडेन सिलेंडर, श्याम चाट भंडार फुनगा से 1 एचपी सिलेंडर, समीर टी स्टॉल फुनगा से 1 एचपी सिलेंडर, के.एल. पटेल भोजनालय फुनगा से 1 एचपी सिलेंडर और नम्रता चाट सेंटर पयारी से 1 इंडेन सिलेंडर जब्त किया गया है।

### नियमों का उल्लंघन, दर्ज हुआ मामला

जांच में सामने आया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में किया जा रहा था, जो द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन है। इस पर प्रशासन ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### क्या लगातार जारी रहेगी कार्यवाही?

हालांकि प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह अभियान निरंतर जारी रहेगा या फिर यह सिर्फ एक दिन की औपचारिकता बनकर रह जाएगा। पहले भी इस तरह की कार्रवाई के बाद लंबे समय तक कोई जांच नहीं हुई, जिससे अवैध उपयोग फिर से शुरू हो गया है।

### कोयलांचल और पुष्पराजगढ़ अब भी अछूते

कोतमा, भालूमाड़ा, जमुना, बदरा, बिजुरी, राजनगर जैसे कोयलांचल क्षेत्रों में अभी तक इस तरह की कोई बड़ी कार्यवाही सामने नहीं आई है। वहीं पुष्पराजगढ़ क्षेत्र भी जांच से अछूता नजर आ रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इन क्षेत्रों में कब तक सख्ती दिखाता है या फिर कार्यवाही सीमित दायरे में ही सिमटकर रह जाती है।

# रामघाट में 66 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मंगलवार 31 मार्च को उस समय सनसनी फैल गई, जब मां नर्मदा नदी के रामघाट के दक्षिणी तट पर एक 66 वर्षीय वृद्ध का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 3:30 बजे नगर परिषद अमरकंटक के सफाई कर्मी प्रतिदिन की भांति रामघाट में सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सीढ़ियों के पास पानी में कुछ संदिग्ध दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर एक वृद्ध व्यक्ति औंधे मुंह सीढ़ियों में पड़ा मिला, जिसका आधा शरीर पानी में और आधा बाहर था। तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना अमरकंटक पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों व परिजनों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान पुन्नू लाल यादव (66 वर्ष), पिता भूरूंग यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 9 नर्मदा मंदिर रोड, अमरकंटक के रूप में हुई है। वह मूलतः करंजिया, जिला डिंडोरी के निवासी थे और अमरकंटक में अपनी बेटी के साथ रहकर नारियल प्रसाद की दुकान चलाते थे। बताया जा रहा है कि घटना के समय मृतक की बेटी किसी कार्य से डिंडोरी जिले में आयोजित कनकधारा कार्यक्रम में शामिल होने गई हुई थी। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है, जिनके आने की प्रतीक्षा की जा रही है प्राथमिक जानकारी में मृतक के सिर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं, फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है। उप निरीक्षक पी.एस. बघेल के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव एवं प्रधान आरक्षक प्रवीण कुजूर द्वारा मामले की जांच की जा रही है। वहीं घटनास्थल पर आरक्षक कृष्णा सिंह राजावत, नगर सैनिक गोकुल टांडिया तथा बी.एस. श्याम पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस घटना से क्षेत्र में एक बार फिर दहशत और चर्चा का माहौल बन गया है, क्योंकि रामघाट में पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

**अल्टीमेटम के बाद हड़ताल तेज**

# 2 बजे दफ्तर में ताला, नगर पालिका अनूपपुर ठप

हरिभूमि न्यूज‹अनूपपुर।



नगर पालिका अनूपपुर में कर्मचारियों की हड़ताल अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। कर्मचारियों ने पहले ही वेतन और एरियर्स भुगतान को लेकर अल्टीमेटम दिया था, लेकिन समय पर मांगें पूरी न होने के बाद अब कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। मंगलवार को दोपहर 2 बजे ही कार्यालय में ताला लटक गया। नगर पालिका अनूपपुर में कर्मचारियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। मध्यप्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ द्वारा 24 मार्च को हुई बैठक के बाद कर्मचारियों ने लंबित वेतन, सातवें वेतनमान के एरियर्स और राशि जमा कराने की मांग को लेकर 29 मार्च तक का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन तय समय सीमा में मांगें पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। इसका असर अब साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। मंगलवार को दोपहर 2 बजे ही नगर पालिका कार्यालय में ताला लटक गया, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है और शहर में कचरे के ढेर लगने लगे हैं। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

### पहले दिया था अल्टीमेटम, अब काम बंद

कर्मचारी संघ ने 24 मार्च की बैठक के बाद स्पष्ट रूप से 29 मार्च तक लंबित वेतन और एरियर्स भुगतान करने की मांग रखी थी। साथ ही राशि जमा कराने की भी बात कही गई थी। लेकिन जब समय सीमा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। अब यह आंदोलन अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल चुका है।

### दोपहर में ही दफ्तर बंद, जनता भटकी

मंगलवार को दोपहर करीब 2 बजे ही नगर पालिका कार्यालय के गेट पर ताला लटका मिला। दूर-दराज से आए लोग अपने काम के लिए भटकते रहे, लेकिन कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। इससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं और लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### सफाई और राजस्व व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

सफाई कर्मचारियों और राजस्व निरीक्षकों के हड़ताल पर जाने से शहर की सफाई व्यवस्था और राजस्व कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। सड़कों पर कचरे के ढेर जमा हो रहे हैं और कर वसूली सहित अन्य जरूरी काम रुक गए हैं। इससे नगर पालिका की आय और शहर की स्वच्छता दोनों प्रभावित हो रही हैं।

आंदोलन उग्र करने की चेतावनी

दस्तावेज़ के अनुसार, कर्मचारी संघ ने पहले ही चेतावनी दी थी कि 30 मार्च से सभी कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। अब उसी के तहत हड़ताल शुरू हो चुकी है। संघ ने साफ कहा है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह नगर पालिका प्रशासन की होगी।

**जिला पंचायत सदस्य राम जी "रिंकू" मिश्रा के नेतृत्व में उठी मजबूत आवाज**

# बिजुरी में पेयजल संकट को लेकर सैकड़ों नागरिकों का ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज बिजुरी।

नगर की गंभीर पेयजल समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य राम जी "रिंकू" मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों नागरिकों ने नगर पालिका परिषद बिजुरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की मांग की। नागरिकों ने बहेराबांध फिल्टर प्लांट की सफाई, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, पाइप लाइन के ऊपर बनाए जा रहे नाली निर्माण को रोकने तथा नगर में क्षतिग्रस्त जल पाइप लाइनों की मरम्मत कराने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में बताया गया कि बिजुरी नगर में बहेराबांध फिल्टर प्लांट से सप्लाई किया जा रहा पानी अत्यंत दूषित एवं गंदगी युक्त है, जो न केवल पेयजल के रूप में अनुपयोगी है बल्कि इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। नागरिकों ने मांग की कि फिल्टर प्लांट की तत्काल सफाई कराकर नगरवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा बहेराबांध से भवनीहा फिल्टर प्लांट तक बिछाई गई पाइप लाइन के ऊपर नाली निर्माण कार्य किए जाने पर भी आपत्ति जताई गई ज्ञापन में कहा गया कि पाइप लाइन के ऊपर नाली बनने से भविष्य में पाइप लाइन को नुकसान पहुंचने की संभावना है, इसलिए इस कार्य को तत्काल रोककर अलग से नाली निर्माण कराया जाए।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर के कई वार्डों में पानी सप्लाई की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके कारण पानी का लगातार व्यर्थ बहाव हो रहा है और नगर में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है नागरिकों ने इन क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत कर समुचित जल आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राम जी "रिंकू" मिश्रा ने कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नागरिकों के साथ मिलकर जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन में सैकड़ों नागरिकों ने हस्ताक्षर कर समर्थन दिया प्रमुख रूप से दीपक द्विवेदी, मो. इब्राहिम, मो. आरिफ, मो. अकील, मो. रिजवान, मो. कैफ, संजय गोंड, गोपाल, आदेश जावेद, आनंद, निरंजन, मुकेश, ओमप्रकाश, संदीप, श्रवणेंद्र, अनंत बंसल, निखिल बंसल, संजीव बंसल, अजय प्रसाद, अंकित कमल, अमित, मनोज चंद्रा, राजदीप शुक्ला, प्रकाश सली, अनुपांडे सली, सुभाष यादव, संदीप पाठक, शिवम दुबे, किशन पाव, राज तिवेदी, जनेश मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, वेदु, भेकधर, प्रकाश, पुष्पराज तिवारी, बहल लोला, अलीशा पाव, राज पाव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे और ज्ञापन का समर्थन किया। अंत में नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन समस्याओं का शीघ्र एवं स्थायी समाधान किया जाए, ताकि नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके और जल संकट की समस्या समाप्त हो।



**संकट मोचन के जयकारों से गूंजेगा सामतपुर**

## भव्य हनुमान जन्मोत्सव में प्रशासनिक अधिकारी भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। भक्ति, सेवा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम 2 अप्रैल गुरुवार को सामतपुर में देखने को मिलेगा, जहां शिव मारुति युवा संगठन द्वारा भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जिससे आयोजन की महत्ता और बढ़ गई है। संगठन द्वारा अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अर्चना कुमारी, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम को विधिवत आमंत्रित किया गया है। विशेष रूप से कलेक्टर हर्षल पंचोली शाम 4 बजे आयोजित पहली आरती में शामिल होंगे। श्री शिव मारुति मंदिर, सामतपुर में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव की शुरुआत प्रातः 9 बजे विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती से होगी, जिसमें श्रद्धालु भक्तिभाव से सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें और आयोजन को सफल बनाएं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शाम 4 बजे निकलने वाली भव्य शोभायात्रा होगी, जिसमें केसरिया ध्वजों और भक्ति गीतों के साथ पूरा सामतपुर क्षेत्र रामभक्ति के रंग में रंग जाएगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। शिव मारुति युवा संगठन ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुटता का परिचय दें और इस भक्ति महोत्सव में सहभागी बनें। आयोजकों का कहना है कि "आपकी उपस्थिति ही इस आयोजन की असली शक्ति और सफलता है।" कुल मिलाकर, यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का भी संदेश देगा।

# योजनाओं ने भारत को सिमरत और विकसित और समृद्ध विकास की दिशा से जुड़ा-हीरा सिंह श्याम

### कार्यकर्ता अंतिम छोर तक प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को पहुंचाएं-अनिल गुप्ता

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 और अमरकंटक मण्डल में प्रथम दिवस संपन्न

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान' का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण एवं कार्यकर्ता विकास के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित "दीनदयाल प्राशिक्षण अभियान" अमरकंटक मंडल में प्रथम दिवस संपन्न। अमरकंटक मंडल में इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल सिद्धांतों से अवगत कराना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को एकात्म मानववाद, अंत्योदय की भावना तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के संकल्प के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम एवं वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को बताया कि कैसे संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण की नींव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभाने, जनसमस्याओं के समाधान में योगदान देने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। जिससे संगठन का हर कार्यकर्ता सशक्त, जागरूक और समाज सेवा के लिए पूर्णतः तैयार हो सके। प्रशिक्षण महा अभियान में वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता गजेंद्र सिंह सिकरवार, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय शुक्ला, जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी श्याम नारायण शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र चतुर्वेदी, अमरकंटक मंडल अध्यक्ष रोशन पनारिया मंडल पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।